# इंद्रदेव ने किया भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक

**दूसरा श्रावण सोमवार :** भोजपुर, गुफा मंदिर सहित सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं ने किया पूजन-अर्चन






**गुफा मंदिर (लालघाटी) :** ऐतिहासिक और प्राकृतिक सात गुफाओं वाले इस प्रसिद्ध मंदिर में सोमवार तड़के से ही दर्शन, पूजा-अर्चना, जलाभिषेक और महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें दर्शन के लिए हजारों भक्त पहुंचे. यहां सावन मेला भी शुरू हुआ है.

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 10 अगस्त. श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर भोपाल के प्रमुख शिवालयों में विशेष अनुष्ठान, रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप और भव्य श्रृंगार के आयोजन हुए। इस दौरान इंद्रदेव की कृपा से बारिश होती रही. इसके बावजूद शहर के सभी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और 'हर-हर महादेव' के जयकारे गूंजे.**

बिड़ला मंदिर में भगवान शिव का विशेष अभिषेक और मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक पूजन श्रद्धालुओं ने किया. वहीं, भोजपुर मंदिर भोपाल के समीप स्थित विश्व प्रसिद्ध भोजपुर के शिव मंदिर में भी विशाल शिवलिंग के दर्शन के लिए राजधानी और आसपास के जिलों से 25,000 से अधिक श्रद्धालु पहुंचे और भगवान शिव का अभिषेक, पूजन किया.



छोटा तालाब काली मंदिर परिसर में शिवलिंग की पूजा-अर्चना करतीं श्रद्धालु.

## 21 हजार पार्थिव शिवलिंगों का पूजन-अभिषेक

मां भवानी शिव हनुमान मंदिर, सुभाष कॉलोनी में बजरंगदास जी महाराज की प्रेरणा से श्रावण मास में चल रहे एक माह के पार्थिव शिवलिंग निर्माण, पूजन एवं अभिषेक अनुष्ठान के तहत सोमवार को मंदिर परिसर में 4 फीट ऊंचे बाबा बर्फानी का विग्रह तैयार कर विशेष पूजन एवं अभिषेक किया गया. पंडित राकेश चतुर्वेदी ने बताया कि 21 हजार पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर पूजन, अभिषेक किया .मंगलवार को बाबा बैद्यनाथ का विग्रह बनाकर पूजन एवं अभिषेक किया जाएगा.



## मां गौरा संग झूला झूले बाबा बटेश्वर

श्रीबड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा श्रावण मास के दूसरे सोमवार एवं सोम प्रदोष के अवसर पर बाबा बटेश्वर को मां गौरा संग कैलाश पर्वत पर झूला झुलाया गया. मंदिर समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया प्रात:काल रुद्राभिषेक, दर्शन, आरती के बाद दोपहर में नर्मदापुरम से कावड़ियों द्वारा लाए गए नर्मदा जल से बाबा बटेश्वर का अभिषेक किया गया. शाम को प्रदोष काल में पुन: रुद्राभिषेक कर गर्भ गृह को कैलाश पर्वत का स्वरूप देकर बाबा बटेश्वर को मां गौरा के साथ झूले में विराजित कर झूला झुलाया गया. रात्रि 9 बजे महाआरती के बाद भजन संध्या हुई.


## पशुपतिनाथ मंदिर : नर्मदा जल से भगवान का अभिषेक



गोविंदपुरा स्थित श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज मंदिर में श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से कांवड़ यात्रियों द्वारा लाए गए नर्मदा जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया. इस दौरान विधायक भगवानदास सबनानी ने भी पशुपतिनाथ भगवान के दर्शन कर जलाभिषेक, पूजा-अर्चना की.

# सीएम डॉ. यादव ने चाक चलाकर बनाया शिवलिंग

कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में बुनकरों-शिल्पियों का किया सम्मान



नवभारत न्यूज

**भोपाल, 10 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को अनोखे अंदाज में नजर आए. उन्होंने एक ओर मिट्टी के चाक पर शिवलिंग का निर्माण किया, तो दूसरी ओर बुनकरों और शिल्पियों से शिल्प की जानकारी भी ली. उन्होंने बुनकरों-शिल्पियों के काम की तारीफ की.**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुटीर और ग्रामोद्योग के जुड़े भारत के सभी बुनकर, शिल्पकार और कलाकारों के परिश्रम को पूरा सम्मान दिलवाने का संकल्प लिया है. हमारी सरकार देश के स्वावलंबी भाव से सभी हुनरमंद बुनकर, समर्पित शिल्पकार और कलाकारों को सम्मानित कर रही है. सीएम डॉ. यादव ने यह बात भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय बुनकर-शिल्पी सम्मान समारोह में कही.

कार्यक्रम में उन्होंने मृगनयनी ई-कॉमर्स वेबसाइट और ओडीओपी मार्ट एमपी पोर्टल का शुभारंभ किया. उन्होंने बुनकर, शिल्पकार और कलाकारों को भी पुरस्कृत किया. इन्हें प्रथम पुरस्कार में रूप में 1 लाख, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 50 हजार और तृतीय पुरस्कार के रूप में 15 हजार रुपए और प्रशस्ति पत्र दिया गया.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार सभी कलाकारों की समृद्धि के लिए तत्पर है. प्रधानमंत्री मोदी ने वोकल फॉर लोकल और लोकल टू ग्लोबल का महामंत्र दिया है, उसे जमीन पर उतारने के लिए मध्यप्रदेश ठोस कदम उठा रहा है.

सीएम ने कहा कि प्रदेश के सभी बुनकरों, सूक्ष्म एवं लघु उद्योग से जुड़े कलाकारों और विशेष तौर पर ओडीओपी उत्पादों को ग्लोबल मार्केट से जोड़ने के लिए दो ई-कॉमर्स वेब पोर्टल्स की शुरुआत की गई है. यह प्रदेश की लंबी छलांग है, इसी पोर्टल को देश में प्रथम पुरस्कार मिला है. यह प्रदेश सरकार और कुटीर एवं ग्रामोद्योग के लिए बड़ी उपलब्धि है. कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार ने कुटीर एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री के लिए ई-कॉमर्स पोर्टल की शुरुआत की गई है. अब हमारे उत्पाद देश के 15 हजार से अधिक लोकेशन पर बिकेंगे.

### एक नजर में



## सेवा भारती ने 62 मेधावी बच्चों का किया सम्मान

**भोपाल, 10 अगस्त(नवभारत न्यूज).** सेवा भारती मध्यभारत, भोपाल विभाग द्वारा कैरियर कॉलेज में मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम का मुख्य अतिथि प्रो. गौरव तिवारी, कुलपति, मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी, अध्यक्ष मितेश राठी, संचालक राठी कोचिंग क्लासेस तथा विशिष्ट अतिथि दुष्यंत शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष, शासकीय ठेकेदार महासंघ और सुरेंद्र सिंह सोलंकी, संगठन मंत्री सेवा भारती मध्यभारत प्रांत एवं शिवमंगल सिंह महानगर अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया. समारोह में वर्ष 2025-26 की 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 62 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह एवं आवश्यक दस्तावेज किट प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया.



## एम्स भोपाल को मिला ह्यूमैनिटी अलायंस अवॉर्ड

**भोपाल, 10 अगस्त (नवभारत प्रतिनिधि).** अंगदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एम्स को ह्यूमैनिटी अलायंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया,यह सम्मान रविवार को आयोजित अंगदान जागरुकता कार्यक्रम और 'रीसायकल ऑर्गन साइकिल रैली' के दौरान प्रदान किया गया. यह कार्यक्रम भोपाल ऑर्गन डोनेशन सोसाइटी द्वारा भोपाल रनर्स के सहयोग से आयोजित किया गया. कार्यक्रम में मंत्री विश्वास सारंग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. रैली की शुरुआत टी.टी. नगर स्टेडियम से हुई, जिसके माध्यम से युवाओं को अंगदान के लिए प्रेरित करना रहा.

### नगर में आज

**राजा भोज मल्टीक्लास सेलिंग चैंपियनशिप**

**समय-** दोपहर 03 :30 बजे, **स्थान-** अपर लेक, बोट क्लब



## दादाजी धाम में गूंजा हर-हर महादेव

**भोपाल, 10 अगस्त .** श्रावण मास के दूसरें सोमवार और सोम प्रदोष के पावन अवसर पर रायसेन रोड, पटेल नगर स्थित दादाजी धाम मंदिर में भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की गई. इस दौरान यजमान शिवरतन नामदेव एवं उनकी पत्नी अर्चना नामदेव सहित अन्य श्रद्धालुओं ने सामूहिक रुद्राभिषेक किया. पंडित राजेंद्र पालिया ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा और रुद्राभिषेक की विधियां संपन्न कराईं. इस दौरान भगवान शिव का जल, दूध, पंचामृत, बेलपत्र और पुष्प से अभिषेक किया गया.

## झूलेलाल मंदिर में अर्पित किए 56 प्रकार के भोग

**संत नगर, 10 अगस्त.** झूलेलाल चालीहा के तहत साहिब मंदिर में भगवान झूलेलाल को श्रद्धालुओं द्वारा छप्पन भोग अर्पित किया गया. झूलेलाल के सेवकों और अनुयायियों ने अपने-अपने घरों से विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार कर भगवान को भोग लगाया. छप्पन भोग में लड्डू, पेड़े, तहरी, हलुआ, मालपुआ, ढोकला, नारियल बर्फी, खुरमा, चॉकलेट, आलू पुड़ी, चने, दाल और चटनी सहित अनेक व्यंजन शामिल रहे. भोग के दौरान संगत भक्ति में झूम उठी. इस अवसर पर अध्यक्ष चंद्रभान रीजवानी और ओमप्रकाश रीजवानी शेरू ने भजन प्रस्तुत किए. कार्यक्रम में गौरव रीजवानी, हर्षी वाधवानी एवं जगदीश ने छप्पन भोग का

## सिंधी नाटक 'रेत का किला' का मंचन 13 को

**भोपाल, 10 अगस्त.** विभाजन विभीषिका दिवस की पूर्व संध्या पर सिंधू दर्पण सांस्कृतिक संस्था, संत हिरदाराम नगर द्वारा 13 अगस्त को शाम 6:30 बजे नंदवानी भवन में सिंधी नाटक वारीअ संदो कोटु (रेत का किला) का मंचन किया जाएगा.नाटक का निर्देशन संस्था की अध्यक्ष कविता इसरानी करेंगी. नाटक में 14 अगस्त 1947 की रात भारत विभाजन के दौरान सिंधी समाज द्वारा झेली गई पीड़ा, विस्थापन और संघर्ष को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा. कविता इसरानी, सुरेश पारवानी ने नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है. इस अवसर पर गीतकार बल्लू चोइथानी तथा वरिष्ठ समाजसेवी श्याम गोपालानी का सम्मान भी किया जाएगा.



## झूलेलाल साहब के चालीहा के 26 वें दिन हुई महाआरती

**संतनगर, 10 अगस्त.** झूलेलाल साहब के चालीहा पर्व के 26वें दिन इसरानी मार्केट स्थित राजा वीर मंदिर में भगवान झूलेलाल जी की महाआरती का आयोजन किया गया. महाआरती सिंधु सेवा के अध्यक्ष एवं जिला महामंत्री भोपाल भाजपा श्री राकेश कुकरेजा द्वारा की गई. इस अवसर पर भगवान झूलेलाल जी की विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की गई. इस दौरान भगवान झूलेलाल के जयकारे लगाए. आयोजकों ने बताया कि चालीहा पर्व के दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर भगवान झूलेलाल की आराधना कर रहे हैं.

# खाटू श्याम भक्तों ने मनाया हिंडोला उत्सव

**भोपाल, 10 अगस्त. बरखेड़ा प्रगति नगर में रविवार रात खाटू श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया. श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से बाबा की आराधना कर हिंडोला उत्सव मनाया. इस अवसर पर आयोजित भजन-कीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और देर रात तक भक्तिमय वातावरण बना रहा.**

भजन गायिका प्रिया गुप्ता और वैभव शर्मा ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया. भक्तों ने भजनों पर जयकारे लगाए और बाबा के दरबार में अपनी श्रद्धा अर्पित की.

कार्यक्रम के संयोजक रवि राज यादव, जो मुख्यमंत्री निवास में छायाकार हैं, ने गायक कलाकारों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं का स्वागत किया. आयोजन के दौरान श्रद्धालु खाटू श्याम बाबा की भक्ति में लीन नजर आए. आयोजन के समापन पर बाबा की आरती की गई और सभी ने सुख-समृद्धि की कामना की.



## 'रिमझिम राग' में गूंजे किशोर कुमार के गीत

**भोपाल, 10 अगस्त ( नवभारत न्यूज ).** महान गायक एवं अभिनेता किशोर कुमार की 97वीं जयंती के अवसर पर सुर सिम्फनी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा विशेष संगीत संध्या 'रिमझिम राग' का आयोजन किया जा रहा है. यह कार्यक्रम रविवार शाम को अयोध्या बायपास स्थित एक होटल में आयोजित किया गया था. कार्यक्रम का उद्देश्य किशोर कुमार के सदाबहार गीतों और भारतीय संगीत में उनके अमूल्य योगदान को याद करते हुए संगीतप्रेमियों को एक यादगार शाम देना है. 'सावन के रंग, किशोर दा के संग' थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में किशोर कुमार के लोकप्रिय गीतों के साथ-साथ सावन और भारतीय संगीत की मधुर प्रस्तुतियां भी देखने-सुनने को मिली.



## सबनानी ने लिया तिरंगा यात्रा मार्ग का जायजा

14 अगस्त को दक्षिण-पश्चिम विस क्षेत्र में निकलेगी तिरंगा यात्रा

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 10 अगस्त. राजधानी के दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में 14 अगस्त को विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी. विधायक भगवानदास सबनानी ने सोमवार को तिरंगा यात्रा के मार्ग का निरीक्षण किया.**

विशाल तिरंगा यात्रा 14 अगस्त को सुबह 10 बजे शौर्य स्मारक से प्रारंभ होकर व्यापमं चौराहा, 6 नंबर हॉकर्स कॉर्नर, नूतन कॉलेज, आनंद आश्रम, 5 नंबर पेट्रोल पंप, अर्जुन नगर, मद्रासी मोहल्ला, पंचशील नगर, अवंती बाई चौराहा, जैन मंदिर, कमला नेहरू स्कूल, रोशनपुरा चौराहा, रंगमहल, जवाहर चौक से होते हुए डिपो चौराहे पर संपन्न होगी. भारत माता चौराहे पर स्थित भारत माता की प्रतिमा की भव्य आरती कर यात्रा का समापन किया जाएगा.

**नेत्र रोग निदान शिविर** | गौतम नगर में सेवा सदन, भोपाल उत्सव मेला ने लगाया शिविर

# 105 लोगों की आंखों की जांच, 26 का हुआ ऑपरेशन

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 10 अगस्त. सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ने भोपाल उत्सव मेला समिति के सहयोग से गौतम नगर स्थित आर्य भवन में नि:शुल्क नेत्र रोग निदान एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाया.**

शिविर में 105 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिसमें 63 पुरूष तथा 42 महिला शामिल थी. इनमें से 26 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए. सभी मरीजों को सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां सोमवार को उनके मोतियाबिंद ऑपरेशन किये गये. जिन लोगों में मोतियाबिंद की शिकायत नहीं मिली, उन्हें नि:शुल्क दवाइयां प्रदान की गई और सभी रोगियों के ब्लड प्रेशर और मधुमेह की जांच भी की गई. रविवार को भारी बारिश के बावजूद भी रोगियों ने शिविर का लाभ उठाते हुए अपनी आंखों की जांच कराई और नेत्र सुरक्षा के प्रति जागरूकता का परिचय दिया. अगला शिविर 16 अगस्त को श्री दिगम्बर जैन मंदिर मंगलवारा, भोपाल में लगेगा. इस शिविर में भोपाल चेम्बर्स ऑफ कामर्स के अध्यक्ष गोविंद गोयल, अरुणेश्वर शरण सिंह देव बाबा, क्षेत्रीय पार्षद राजेश यादव, भोउमेस से प्रदीप अग्रवाल, सुनील जैनाविन, श्याम मंगल, नारायण सिंह कुशवाह, ओमप्रकाश खुराना, सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के ट्रस्टी सुरेश आवतरामानी एवं अस्पताल के कर्मचारीगण उपस्थित थे.



## सायोनारा 2026 में साक्षी, आकाश विजेता

**भोपाल, 10 अगस्त .** बीएसएसएस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज में एमबीए विद्यार्थियों के लिए विदाई एवं सर्टिफिकेट वितरण समारोह आयोजित किया. मुख्य अतिथि समीर सागर. विशिष्ट अतिथि एवं मिसेज इंडिया 2025 की विजेता हिमानी सिंह थीं. रैंप वॉक, ग्रुप डांस, संगीत, आदिवासी नृत्य, हास्य नाटिका की प्रस्तुतियां हुईं. अनुष्का शर्मा को शैक्षणिक उत्कृष्टता और प्रिंस राजपूत को नेतृत्व पुरस्कार, साक्षी भसीन को मिस सायोनारा 2026, आकाश चौहान को मिस्टर सायोनारा 2026 चुना गया.रक्षा कुशवाहा और आनंद राजपूत रनर-अप रहे.




## बॉल बैडमिंटन में भोपाल की सीनियर बालिका टीम उपविजेता

**भोपाल, 10 अगस्त ( खेल प्रतिनिधि ).** महू में 7 से 9 अगस्त तक हुई 26वीं राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में भोपाल की सीनियर बालिका टीम उपविजेता रही. नरसिंहपुर ने फाइनल में भोपाल को 35-20 और 35-30 से हराया. सीनियर बालक वर्ग में भोपाल ने रीवा को 35-25 और 35-29 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया. शासकीय भेरूलाल पाटीदार स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महू में हुई प्रतियोगिता में प्रदेश के करीब 15 जिलों के लगभग 600 सब-जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. सीनियर वर्ग के दोनों खिताब नरसिंहपुर के नाम रहे. बालक फाइनल में नरसिंहपुर ने शिवपुरी को 35-22 और 35-11 से हराया.